# वागड़ संदेश

जन मन की आवाज

www.wagadsandesh.com

Tital Code RAJHIN27802



सम्पर्क

ई पेपर में खबरें व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई मेल editor.wagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818



वर्ष-1 अंक-307 सागवाड़ा,शुक्रवार,29 जुलाई, 2022 अवधिः हिन्दी ई-पेपर पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)


## CM के निर्देश के बाद भी नहीं रूक रहा क्वार्ट्ज पत्थर का अवैध खनन, एक ट्रेलर व अवैध खनन करते ट्रेक्टर जब्त

### -क्वार्ट्ज पत्थर के अवैध परिवहन व खनन के खिलाफ पुलिस की स्पेशल टीम की कार्रवाई,74 डिटोनेटर भी किये बरामद

**डूंगरपुर।** जिले की पुलिस की स्पेशल टीम ने क्वार्ट्ज पत्थर के अवैध परिवहन व अवैध खनन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। पुलिस की स्पेशल टीम ने सरोदा में क्वार्ट्ज पत्थर से भरे एक ट्रेलर को जब्त किया है वही बोडीगामा छोटा में क्वार्ट्ज पत्थर का अवैध खनन करते हुए एक ट्रेक्टर को जब्त किया है। वही ट्रेक्टर में से अवैध खनन के लिए बलास्टिंग में काम आने वाले 74 डिटोनेटर भी जब्त किया है।

इधर कार्रवाई के दौरान ट्रेक्टर चालक फरार हो गया। बॉडी-डूंगरपुर जिले की पुलिस की स्पेशल टीम के प्रभारी मनोज सामरिया ने बताया की जिले में जिला पुलिस अधीक्षक राशी डोगरा के निर्देश पर अवैध खनन के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत सागवाडा थाना क्षेत्र के सरोदा में क्वार्ट्ज पत्थर के अवैध परिवहन व बोडीगामा छोटा में क्वार्ट्ज पत्थर के अवैध खनन की सुचना मिली थी। मुखबिर के जरिये मिली सुचना पर पुलिस की स्पेशल टीम के एसआई हरिश चंद्र, हेड कांस्टेबल अरविंद सिंह,राजकुमार कांस्टेबल लक्ष्मण सिंह ,राकेश कुमार एवं भूपेंद्र कुमार की टीम पहले सरोदा पहुंची। इस दौरान पुलिस की स्पेशल टीम ने नाकेबंदी की। नाकेबंदी करते समय एक ट्रोला आया जिसकी तलाशी ली गई तो ट्रोले में क्वार्ट्ज पत्थर भरा हुआ था।

जिस पर पुलिस की स्पेशल टीम ने चालक से परिवहन सम्बन्धी दस्तावेज मांगे तो उसके पास कोई दस्तावेज मौजूद नहीं थे। जिस पर पुलिस की स्पेशल टीम ने ट्रोले को जब्त किया और चालक को डिटेन करते हुए उसे सरोदा पुलिस चौकी के सुपुर्द किया। वही इसके बाद पुलिस की स्पेशल टीम ने बोडीगामा छोटा गाँव में दबिश दी।

इस दौरान मौके पर ब्लास्टिंग व ट्रेक्टर के जरिये क्वार्ट्ज पत्थर का अवेध खनन किया जा रहा था। पुलिस की टीम को देखकर ट्रेक्टर चालक मौके से फरार हो गया। वही पुलिस ने ट्रेक्टर में से ब्लास्टिंग में काम आने वाले 74 डिटोनेटर बरामद किये। इधर कार्रवाई के बाद पुलिस की स्पेशल टीम ने ट्रेक्टर व विस्फोटक सामग्री को साबला थाना पुलिस को सुपुर्द किया। इधर मामले में अब खनिज विभाग नियमानुसार जुर्माना वसूलने की कार्रवाई करेगा।

## सीमलवाडा में इलेक्ट्रिक की दूकान को चोरो ने बनाया निशाना

### करीब डेढ़ लाख की पानी की। मोटर हुई चोरी, सीसीटीवी में नजर आया एक चोर

**सीमलवाडा।** डूंगरपुर जिले के धम्बोला थाना क्षेत्र में पुलिस सुस्त और चोर चुस्त नजर आ रहे है। चोरो ने बीती रात थाना क्षेत्र के सीमलवाडा कस्बे में स्थित एक इलेक्ट्रिक की दूकान को अपना निशाना बनाया है।

चोर दूकान के शटर का ताला तोडकर दूकान में रखी पानी की। मोटर चुरा ले गए है। जिनकी कीमत करीब डेढ़ लाख रूपये की है। इधर दूकान के बाहर लगे सीसीटीवी केमरे में एक चोर नजर भी आया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इधर सात दिन पहले भी सीमलवाडा कस्बे में एक हार्डवेयर की दूकान में चोरी हुई थी। डूंगरपुर जिले की धम्बोला थाना पुलिस के अनुसार सीमलवाडा निवासी संतोष कुमार पुत्र भीखा भोई की सीमलवाडा कस्बे में एक इलेक्ट्रिक की दूकान है। कल देर शाम को संतोष कुमार भोई अपनी दूकान बंद करके घर गया था।

इधर आज सुबह जब संतोष कुमार भोई का भतीजा प्रेमांशु भोई पास में अपनी दूकान पर आया तो देखा की उसके चाचा संतोष की दूकान का शटर का ताला टुटा हुआ है। जिस पर उसे चोरी का अंदेशा हुआ और उसने मामले की सुचना अपने चाचा संतोष को दी। सुचना पर संतोष अपनी दूकान पर आया और देखा की दूकान में सामान बिखरा हुआ था और चोर डेढ़ एचपी व दो एचपी की पानी की। मोटर चुरा ले गए है। जिनकी कीमत करीब डेढ़ लाख रूपये बताई जा रही है। इधर दूकान में चोरी होने की सुचना पीड़ित संतोष ने धम्बोला थाना पुलिस को दी सुचना पर पुलिस मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। वही पुलिस ने दूकान के बाहर लगे सीसीटीवी केमरे की फुटेज देखी तो उसमे एक चोर भी नजर आया। इधर पुलिस ने पीड़ित संतोष भोई की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

इधर क्षेत्र में लगातार बढ़ रही चोरी की वारदातों से व्यापारियों में रोष व्याप्त है और पुलिस ने जल्द चोरो को पकड़ने की मांग की है।

### सात दिन पहले भी सीमलवाडा में हुई थी चोरी

इधर धम्बोला थाना क्षेत्र में धम्बोला पुलिस की रात्रि गश्त की भी पोल खुल रही है। 22 जुलाई को धम्बोला थाना क्षेत्र के सीमलवाडा कस्बे में ही चोरो ने एक हार्डवेयर की दूकान को अपना निशाना बनाया था। जहा से चोर करीब 10 हजार की नगदी व अन्य सामना चुरा ले गए थे। जिसका भी पुलिस अभी तक कोई खुलासा नहीं कर पाई है।

## ड्रग डिपार्टमेंट में खत्म होगा इंस्पेक्टर राज?

**जयपुर।** राजस्थान के ड्रग डिपार्टमेंट से जल्द ही इंस्पेक्टर राज खत्म होगा।जी हां ये कोई हमारा दावा नहीं, बल्कि औषधि नियंत्रक संगठन में छवि सुधारने के लिए चल ही बड़ी कवायद की बानगी है।इस नई कवायद के बाद न सिर्फ फील्ड में अफसरों के मनमाने इंस्पेक्शन-सैम्पलिंग पर अंकुश लगेगा, बल्कि पूरे जांच के काम में पारदर्शिता भी आएगी।आखिर क्या है ड्रग डिपार्टमेंट में शुद्धिकरण की मशक्कत और फील्ड में इसका क्या असर आएगा। ड्रग डिपार्टमेंट की कार्यशैली किसी से छिपी नहीं है। चाहे फील्ड में जांच के नाम पर मनमानी हो या फिर चौथवसूली। ड्रग ऑफिसर्स अपनी कार्यप्रणाली को लेकर हमेशा चर्चाओं में रहते है। लेकिन पिछले दिनों कई मामलों में छवि खराब होने के बाद अब खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण आयुक्तालय एक्टिव मोड में है।

## झिंझवा सीनियर स्कूल के छत का प्लास्टर गिरा, 8वी क्लास के 2 छात्र घायल

### दूसरे बच्चों ने भागकर बचाई जान

**डूंगरपुर।** सरकारी स्कूलों के कमरों की हालत खराब है। झिंझवा सीनियर स्कूल के छत का प्लास्टर आज शुक्रवार को अचानक गिर गया। इससे 8वी क्लास के 2 छात्र घायल हो गए, जबकि दूसरे छात्रो ने भागकर जान बचाई। दोनो घायल छात्रो का बिछीवाड़ा के प्राइवेट अस्पताल में इलाल करवाया।

बिछीवाड़ा ब्लॉक के झिंझवा सीनियर स्कूल में आज शुक्रवार दोपहर के समय प्लास्टर गिरने की घटना हुई। आठवी क्लास में बीएड ट्रेनी के साथ 60 बच्चे एक साथ बैठकर पढ़ाई कर रहे थे। दोपहर 12 बजकर 35 मिनट पर अचानक कमरे में छत के प्लास्टर का बड़ा हिस्सा टूटकर बच्चों के ऊपर गिरा। इसमें 2 छात्र रोहित अहारी निवासी नया तालाब और परवत सिंह चौहान निवासी झिंझवा घायल हो गए। वही प्लास्टर गिरते ही दूसरे बच्चे क्लास में पीछे की तरफ और कुछ बाहर भागे और जान बचाई। हादसे के बाद स्कूल के प्रिंसिपल जीवनलालजी मौके पर पहुंचे। स्कूल के टीचर दोनो बच्चो को सीमलवाड़ा के प्राइवेट अस्पताल ले गए और इलाज करवाया। गनीमत रही की क्लास में बैठे दूसरे बच्चे बच गए।

स्कूल के प्रिंसिपल जीवनलाल ने बताया की स्कूल में 8 कमरे पहले ही नकारा हो चुके है।। कमरों में पहली से 12वी तक की कक्षाओं को बैठाकर पढ़ाई करवानी पड़ रही है। ये कमरे भी जर्जर हो चुके है। कक्षा 9 में 99 बच्चे और 10वी में 87 बच्चे है। दोनों में दो सेक्शन बनाने की जरूरत है लेकिन कमरे नही होने से एक ही कमरे में सभी बच्चो को बैठाया जा रहा है। स्कूल में 676 बच्चो का रोल है। पहली ओर दूसरी क्लास के बच्चो को बाहर बरामदे में एक साथ बैठाकर पढ़ाई करवाई जाती है। जबकि तीसरी, चौथी ओर पांचवी क्लास के बच्चो को एक साथ एक ही कमरे में बैठाया जा रहा है। प्रिंसिपल ने बताया की जर्जरहाल कमरों के बारे में पहले ही विभाग को बता दिया है, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। प्रिंसिपल ने नए कमरे बनवाने की मांग की है।

## रात डेढ़ बजे आए बदमाशों ने घर के दरवाजे, खिड़कियां और गेट तोड़े

### 8 मिनट तक हंगामा, पुलिस के आने से पहले भागे

**डूंगरपुर।** शहर से सटे कुशाल मगरी महादेव कॉलोनी में कुछ बदमाशो ने आधी रात को एक घर पर जमकर उत्पात मचाया। इससे डरे परिवार के लोगों ने पुलिस को फोन किया, लेकिन पुलिस आती इससे पहले बदमाशो ने घर के दरवाजे, खिड़कियां और गाड़ी तोड़ दी। बदमाशो के इस हंगामे का पूरा वीडियो घर पर लगे सीसीटीवी में कैद हो गया। घटना को लेकर कोतवाली पुलिस बदमाशो की तलाश कर रही है।

कुशाल मगरी महादेव कॉलोनी निवासी चिंतन जोशी ने कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई है। चिंतन जोशी ने बताया की 27 जुलाई की रात के समय वे अपनी पत्नी मनीषा और बेटे के साथ घर पर थे। बेटा सो गया था, जबकि वे बातचीत कर रहे थे। रात करीब डेढ़ बजे मुंह पर कपड़ा बांधे तीन बदमाश युवक उनके गेट पर आए। गेट का ताला तोड़कर अंदर घुस गए। इसके बाद बदमाशो ने हंगामा और गाली - गलोच करते हुए घर के दरवाजों, खिड़कियों पर लट्ठ और मुक्के मारे। दरवाजों पर लगे कांच तोड़ दिए। किचन की खिड़की तोड़ दी। वही मेन दरवाजे की खिड़की तोड़ते हुए दरवाजे को भी तोड़ने का प्रयास किया। बदमाशो के हंगामे से वे काफी डर गए और घर में ही रहे। इसी दौरान उन्होंने पुलिस को फोन किया। बदमाशो ने घर के बरामदे में रखी स्कूटी के भी कांच तोड़ दिए। चिंतन ने ये भी बताया की मैन दरवाजे का कुछ हिस्सा बदमाशो ने तोड़ दिया, जिस पर वे और उसकी पत्नी दरवाजे को धक्का मारकर बचते रहे। लेकिन बदमाशो ने टूटे हिस्से से हाथ डालकर उसकी गिरेबान पकड़ ली। ओर उसे बाहर खींचते हुए निकालने का प्रयास करते रहे। करीब 8 मिनट तक हंगामे, तोड़फोड़ के बाद कोतवाली पुलिस की टीम पहुंची लेकिन इससे पहले बदमाश भाग गए। ये पूरी घटना घर पर लगे सीसीटीवी में कैद हो गई, जिसमे बदमाश तोड़फोड़ और हंगामा करते नजर आ रहे है। घटना को लेकर चिंतन ने कुशलमगरी निवासी मयूर पारगी, कपिल रोत व अन्य के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई है। रिपोर्ट में ये भी बताया है कि बदमाश जान से मारने की नियत से उनके घर पर हमलावर होकर आए थे। वही तोड़फोड़ का वीडियो भी पुलिस को दिया है। कोतवाली सीआई सुरेंद्र सिंह ने बताया घटना को लेकर जांच की जा रही है और बदमाशो की तलाश कर रहे है।

## युवती का अपहरण व दुष्कर्म मामले में मुख्य आरोपी को 12 साल की सजा

### दो सहयोगियों को 3-3 साल की सजा, डूंगरपुर पोक्सो कोर्ट ने सुनाया फैसला

**डूंगरपुर।** जिले की पोक्सो कोर्ट ने परीक्षा देकर लौट रही युवती का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म के मामले में मुख्य आरोपी को 12 साल की सजा सुनाई है। वही 65500 रुपए का जुर्माना लगाया है। वही उसके दो सहयोगियों को 3-3 साल की सजा सुनाई है और दोनों पर 10500-10500 रुपए का जुर्माना लगाया है। रामसागडा थाना क्षेत्र में 26 मई 2019 को घटना हुई थी।

डूंगरपुर जिले की पोक्सो कोर्ट के विशिष्ठ लोक अभियोजक योगेश जोशी ने बताया की घटना डूंगरपुर जिले के रामसागडा थाना क्षेत्र के 26 मई 2019 को हुई थी। युवती अपने मंगेतर के जीजाजी के साथ घर से गलन्दर बीएसटीसी की परीक्षा देने गई थी।

परीक्षा के बाद वापस दोनों बाइक पर बैठकर अपने गाँव लौट रहे थे। इस दौरान उदयपुर जिला महुवाल गाँव निवासी महेंद्र अपने साथी कैलाश व सतीश के साथ कार में आया और लोड़वाड़ा होस्टल के पास आकर उनकी बाइक के आगे कार लाकर बाइक रुकवा दी। इस दौरान तीनो ने युवती के मंगेतर के जीजाजी के साथ मारपीट की और युवती का अपहरण करते हुए उसे कार मे बैठा ले गए। आरोपी महेंद्र, कैलाश व सतीश युवती को लेकर महेंद्र के घर महुवाल ले गए। जहा पर महेंद्र ने युवती के साथ दुष्कर्म किया। वही मार डालने की धमकी देकर शादी के कागज पर हस्ताक्षर करवा लिए।

इधर युवती के परिजनों द्वारा अपहरण की शिकायत के बाद पुलिस ने करीब 14 दिन बाद युवती को दस्तयाब किया। वही युवती की रिपोर्ट पर अपहरण व दुष्कर्म का मामला दर्ज करते हुए तीनो आरोपी महेंद्र, कैलाश व सतीश को गिरफ्तार किया। इसके बाद पुलिस ने अनुसन्धान पूरा करते हुए डूंगरपुर पोक्सो कोर्ट में चालान पेश किया। इस मामले में डूंगरपुर पोक्सो कोर्ट ने आज अंतिम सुनवाई करते हुए मुख्य आरोपी महेंद्र को दोषी करार देते हुए 12 साल की सजा सुनाई। वही उस पर 65500 रुपए का जुर्माना लगाया है। वही कोर्ट ने सहयोगी सतीश व कैलाश को 3-3 साल की सजा सुनाई है और दोनों पर 10500-10500 रुपए का जुर्माना लगाया।

### रक्षाबंधन पर बहनों को सरकार का बड़ा तोहफा

## रोडवेज में कर सकेंगी नि :शुल्क यात्रा




**जयपुर।** राजस्थान सरकार ने इससे पहले महिला दिवस पर भी महिलाओं को निशुल्क यात्रा का तोहफा दिया था। तब भी पूरे प्रदेशभर में हजारों महिलाओं और युवतियों ने रोडवेज बसों में निशुल्क यात्रा की थी। अब जल्द ही जेसीटीएसएल बसों में भी रक्षाबंधन पर निशुल्क यात्रा की सुविधा बालिकाओं एवं महिलाओं को दी जा सकती है। जेसीटी एसएल पर भी पूर्व में इस तरह की निशुल्क यात्रा की सुविधा देता आया है। रक्षाबंधन के अवसर पर रोडवेज की बसों में ज्यादा भीड़ रहती है। महिलाएं अपने पीहर जाने के लिए अलसुबह से ही सिंधी कैंप बस स्टैंड पर पहुंचती हैं, ऐसे में रोडवेज प्रशासन की ओर से महिलाओं के लिए विशेष व्यवस्थाएं करेगा।

## सरकार की सख्ती से जेडीए हरकत में, पर टारगेट अभी दूर

**जयपुर।** प्रशासन शहरों के संग अभियान में सरकार का प्रदेश में 10 लाख पट्टे बांटने का टारगेट है। इसमें राजधानी जयपुर में ही करीब डेढ़ लाख पट्टे बांटने का लक्ष्य तय किया गया है। इसमें सबसे अधिक जेडीए को एक लाख पट्टे बांटने का टारगेट दिया गया, लेकिन जेडीए भी इस टारगेट में काफी पीछे रहा।]

जेडीए अभियान के दो चरणों में महज 30 फीसदी ही लक्ष्य तय नहीं कर पाया। सरकार की नाराजगी के बाद जेडीए प्रशासन पट्टे बांटने में सक्रिय हुआ। अब अभियान के तीसरे चरण में सिर्फ 10 दिन में ही जेडीए ने 5 हजार 500 पट्टे जारी कर दिए है। इनमें सबसे अधिक पट्टे जोन 11 में बांटे गए, इन दिनों में जोन 11 में 1400 पट्टे जारी कर दिए गए है। जेडीए का अभियान के दौरान करीब एक लाख पट्टे बांटने का टारगेट दिया गया।

जेडीए ने अभियान के तहत अभी तक सिर्फ 49 लाख पट्टे बांटे है। ऐसे में अभी टारगेट काफी दूर है। जेडीसी रवि जैन ने बताया कि अधिक से अधिक पट्टे जारी करने के लिए जेडीए की ओर से नियमित रूप से कैम्प आयोजित किए जा रहे है। इन कैम्प में आमजन को ज्यादा से ज्यादा पट्टे जारी किये जा रहे है।

प्रशासन शहरों के संग अभियान के तीसरे चरण में जेडीए की ओर से दस दिन में 5500 पट्टे जारी किये गए है।

### मुख्यमंत्री ने तेज गेंदबाज भरत सिंह का किया उत्साहवर्धन

## एसएमएस स्टेडियम की क्रिकेट एकेडमी में मिलेगा प्रशिक्षण




**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राजसमंद जिले के गांव मोजावतों का गुड़ा निवासी और प्रतिभाशाली युवा तेज गेंदबाज भरत सिंह खरवड़ का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने मुख्यमंत्री निवास पर प्रदेश के उभरते हुए गेंदबाज और उनके परिजनों से मुलाकात करते हुए वर्तमान प्रशिक्षण की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सवाई मानसिंह स्टेडियम में संचालित क्रिकेट एकेडमी में विशेषज्ञ प्रशिक्षकों से प्रशिक्षण दिलाकर हुनर को निखारा जाएगा। प्रशिक्षण के साथ रहने-खाने सहित सभी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएगी। मुख्यमंत्री निवास पर मुलाकात के अवसर पर राजस्थान क्रिकेट एकेडमी (आरसीए) के अध्यक्ष वैभव गहलोत, गेंदबाज के पिता कालू सिंह, मामा गणेश कड़ेचा और पीटीआई लक्ष्मण गुर्जर उपस्थित रहे। गौरतलब है कि प्रतिभावान गेंदबाज भरत सिंह के वीडियो को सांसद राहुल गांधी ने रिट्वीट कर प्रोत्साहित किया था। आरसीए के मुख्य संरक्षक डॉ. सी.पी. जोशी व आरसीए अध्यक्ष वैभव गहलोत ने भी गेंदबाज का उत्साहवर्धन किया।

## पति खेत में चला रहा हल, पीछे से पत्नी ने घर में फांसी लगाकर की आत्महत्या, कारणों का नहीं हुआ खुलासा

**सीमलवाडा।** डूंगरपुर जिले के कुआ थाना क्षेत्र के मालाखोलडा गाँव में एक महिला ने अपने ही घर में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। महिला का पति खेत पर हल चला रहा था। वही जब महिला के पौते चिल्लाए तो पति दौड़कर घर पर आया लेकिन तब तक महिला की मौत हो चुकी थी। घटना को लेकर पीहर पक्ष ने आक्रोश जताया है। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। डूंगरपुर जिले के

कुंआ थाने के थानाधिकारी गोपालनाथ ने बताया की घटना थाना क्षेत्र के मलाखेलड़ा गांव में हुई है। उन्होंने बताया की मलाखेलड़ा गाँव निवासी 40 वर्षीय रमिला उर्फ़ सूरज गरासिया घर पर अकेली थी। उसका पति शंकरलाल गरासिया घर के पास ही खेत में मक्का की फसल के लिए हल चला रहा था। वही रमिला के दो पौते घर में सोये हुए थे। इस दौरान सो रहे दोनों पोते जब उठे तो दादी रमिला उर्फ सूरज को घर में ही रस्सी से फांसी के फंदे पर लटका हुआ देखा। दादी को फंदे पर लटका हुआ देखकर दोनों बच्चे जोर-जोर से चिल्लाए और रोने लगे। बच्चो की चिल्लाने की आवाज सुनकर पास ही खेतो में काम कर रहा दादा शंकरलाल गरासिया दौड़कर घर पर आया। इस दौरान शंकरलाल ने देखा की उसकी पत्नी रमिला फंदे से लटकी हुई थी और रमिला उर्फ सूरज की मौत हो गई थी। घटना के बाद आसपास के लोग इकट्ठे हो गए। वही लोगो ने मामले की सुचना कुआ थाना पुलिस को दी। सुचना पर कुआ थाने की दरियाटी पुलिस चौकी से पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। इसके बाद शव को फंदे से नीचे उतारा गया । इधर घटना की सूचना पर गंधवा गांव से पीहर पक्ष के लोग भी पहुंच गए और मौत पर आक्रोश जताया। घटना की खबर पर गुजरात में मजदूरी कर रहा बेटा भी पहुंच गया। कुंआ थाना पुलिस ने शव को डूंगरपुर जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से आमजन को लाभान्वित करावे :उदयलाल आंजना

**जयपुर।** सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना ने कहा कि आमजन को राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से लाभान्वित करावें और जनहित से जुडे हुयें कार्या को बकाया कार्यो को शीघ्र पूर्ण करें। जिला प्रभारी मंत्री आंजना शुक्रवार को राजसमंद के जिला कलक्टर कार्यालय के सभागार में आयोजित जिला स्तरीय अधिकारियों की केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं की फलैगशिप योजनाओ की समीक्षा बैठक में अध्यक्षता करते हुये अधिकारियों को निर्देश दे रहे थे। प्रभारी मंत्री ने बैठक में बारी बारी से विभिन्न विभागों के कार्या योजनाओं की प्रगति व बकाया कार्या की प्रगति की जानकारी लेते हुये अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने इस अवसर पर चिकित्सा विभाग की नि:शुल्क दवा व जांच योजना खाद्यान वितरण, शिक्षा विभाग में अग्रेंजी माध्यम की स्कूलों के बारे में नगर परिषद, समाज कल्याण विभाग की पेंशन योजना, पालनहार योजना, देवनारायण जन सूचना पोर्टल, आदि विभागों के कार्यो की प्रगति के बारे में जानकारी लेकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दियें।